***प्रेस नोट*** **17/06/2026**

**थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा दुष्कर्म में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार–**

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मऊ एवं क्षेत्राधिकारी मधुबन के कुशल पर्वेक्षण/नेतृत्व में थाना हलधरपुर पुलिस टीम द्वारा आईटी एक्ट के मामले में 01 नफर वांछित जितेन्द्र राम पुत्र हरिश्चन्द्र राम साकिन सेहबरपुर थाना हलधरपुर जनपद मऊ को मथुरा मेमोरियल आईटीआई कालेज खुरपा बेलौझा के पास नहर पुलिया से आज दिनांक 17.06.2026 को समय करीब 01.25 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

अभियोग का विवरण-

1. मु0अ0सं0 118/26 धारा 64(1)/333/351(3) बीएनएस व 67-ए आईटी एक्ट

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0सं0 610/2016 धारा 138(B) भारतीय विद्युत अधिनियम 2003
2. मु0अ0सं0 118/2026 धारा 64(1)/333/351(3) बीएनएस व 67-ए आईटी एक्ट थाना हलधरपुर जनपद मऊ

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-

1. जितेन्द्र राम पुत्र हरिश्चन्द्र राम साकिन सेहबरपुर थाना हलधरपुर जनपद मऊ

**पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में आज दिनांक 17.06.2026 को जनपद मऊ के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया-**

इस अभियान के अंतर्गत 35 टीम गठित कर जनपद के 43 स्थानों पर बदल बदलकर लगभग सदिग्ध वाहनो/व्यक्तियो को चेक किया गया जिसमें यातायात के नियमों का पालन न करने पर 402 वाहनों को विभिन्न धाराओ में चालान एवं 02 वाहन को सीज किया गया साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी तथा

यातायात नियमों के प्रति  जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं गलत स्थानो पर पार्किंग नही करे तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।

**थाना कोतवाली  नगर साइबर पुलिस टीम द्वारा फ्रॉड हुए 22000 रुपये पीडित को वापस कराया गया–**

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ के कुशल निर्देशन में साइबर फ्राड रोकथाम व जागरुकता के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर व प्रभारी निरीक्षक के कुशल नेतृत्व में थाने पर साइबर टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर साइबर पोर्टल सुरेंद्र नाथ चौबे निवासी शहादतपुरा देव पब्लिक स्कूल जनपद मऊ के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा 22000/- रुपए का साइबर फ्रॉड हुआ था जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा समय रहते साइबर कम्प्लेन की शिकायत की गयी। उक्त शिकायत के आधार पर थाना कोतवाली नगर में नियुक्त साइबर टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये पीड़ित  के खाते से फ्राड हुई सम्पूर्ण धनराशि 22000/- रुपये वापस कराया गया।

**आगामी मुहर्रम पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा**

आज दिनांक 17/06/2026 को आगामी मुहर्रम पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी मऊ श्री आनन्द वर्धन एवं पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर. प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, थानाध्यक्ष दक्षिण टोला व भारी संख्या में पुलिस बल के साथ कोतवाली नगर क्षेत्र के हट्ठीमदीरी चौकी से  संस्कृत पाठशाला, टीसीआई मोड, औरंगाबाद, मिर्जाहादीपुरा तक रुट मार्च/पैदल गश्त कर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का जायजा लिया गया।

पैदल गश्त के दौरान अधिकारियों द्वारा नगर के प्रमुख ताजिया मार्गों, चौराहों, बाजारों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, यातायात

प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही मुहर्रम जुलूसों के निर्धारित मार्गों एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया गया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा स्थानीय नागरिकों, धर्मगुरुओं, ताजियादारों एवं संभ्रांत व्यक्तियों से संवाद स्थापित कर पर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों एवं शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी में लगाए गए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने तथा सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक सूचनाओं पर प्रभावी निगरानी रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**थाना कोपागंज पुलिस टीम द्वारा हत्या से सम्बन्धित 03 नफर अभियुक्त गिरफ्तार–**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी घोसी के मार्गदर्शन, मे अपराध एंव अपराधियो के विरूद्ध चलये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना कोपागंज जनपद मऊ पुलिस द्वारा हत्या मे 03 वांक्षित अभियुक्तो को गिराफ्तार किया गया।

दिनांक 17.06.2026 को शिकायतकर्ता सीमा सिंह पत्नी स्व0 महेन्द्र सिंह ग्राम पिपरौता थाना कोपागंज जनपद मऊ कि मुल द्वारा दिनांक 14/06/2026 को समय करीब 8 बजे रात को राजु मुसहर पुत्र कोमल मुसहर व रामअशीष यादव पुत्र श्रीकान्त यादव व कोमल मुसहर पुत्र स्व० सोहन मुसहर व अन्य थाना कोपागंज जनपद मऊ व कुछ अज्ञात लोग मिलकर पुरानी रंजिश को लेकर मेरे पति को मार पीटकर कर हत्याकर उनके बोडी को तालाब मे फेक दिऐ थे जिनका शव दिनांक 16/06/2026 को सुबह 6 बजे तालाब में मिली है। जिसके आधार पर मु0अ0स0 0174/2026 धारा 103(1) बी0एन0एस पंजीकृत किया गया है।

दिनांक 17.06.2026 को मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना कोपागंज, पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त 1 राजु मुसहर पुत्र कोमल मुसहर 2. रामअशीष यादव पुत्र श्रीकान्त यादव 3. कोमल मुसहर पुत्र स्व० सोहन मुसहर निवासीगण कनियारी थाना कोपागंज जनपद मऊ को गिरफ्तार किया गया। तथा एक बाल अपचारी को अभिरक्षा मे लिया गया।

**पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर अभिलेखों के रख-रखाव एवं कार्यों की समीक्षा की गई।**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर द्वारा आज पुलिस कार्यालय जनपद मऊ की विभिन्न शाखाओं का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय अभिलेखों के रख-रखाव, व्यवस्था का गहन अवलोकन किया।

निरीक्षण के क्रम में, आंकिक शाखा, प्रधान लिपीक कार्यालय अन्य शाखाओं के अभिलेखों एवं पंजिकाओं का परीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अभिलेखों को अद्यतन रखने, लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने तथा कार्यालय कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने शाखा प्रभारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण पर विशेष बल दिया। साथ ही कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा डिजिटल माध्यमों के अधिकतम उपयोग हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि पुलिस कार्यालय की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाना प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनुशासन, समयबद्धता एवं उत्तरदायित्व के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया।